हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 13 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 25.9 डिग्री

12 जिले में कई स्थानों पर निकाली तिरंगा यात्रा



12 अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ हो एफआईआर



## खबर संक्षेप

### गुजवि में रिक्त सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग कल

**हिसार।** गुरू जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विवि में विभिन्न शैक्षणिक कोर्सों में रिक्त सीटों के लिए 14 अगस्त को फिजिकल काउंसलिंग होगी। इन सीटों पर दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी सीधे विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने संबंधित कोर्सों में दाखिले के लिए विश्वविद्यालय में पहले से आवेदन दाखिल किया हुआ है। उन्हें नया आवेदन दाखिल करने वाले की तुलना में प्राथमिकता दी जाएगी।

### रेलवे स्टेशन रोड से हटाया अतिक्रमण

**हिसार।** नगर निगम की तहबाजारी टीम ने मंगलवार को अतिक्रमण हटाने की शुरूआत लक्ष्मीबाई चौक से अतिक्रमण हटवा कर की। इसके बाद रेलवे स्टेशन रोड़ व रेलवे स्टेशन के सामने से अतिक्रमण हटाया। इसके बाद टीम ने नई सब्जी मण्डी के सामने, डीसीएम मिलगेट रोड़ से अतिक्रमण हटाया। तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### मंत्री रणबीर गंगवा आज करेंगे प्रमाण-पत्र वितरित

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा 13 अगस्त को सुबह 10 बजे गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में कुम्हार/प्रजापति समाज के परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। नगराधीश हरिराम ने बताया कि इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे और पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं से जुड़े प्रमाण पत्र सौंपे जाएंगे। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का भी सीधा प्रसारण किया जाएगा।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को लेकर बैठक कल

**हिसार।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल आयोजन के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक 14 अगस्त को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में आयोजित की जाएगी। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने बताया कि बैठक में आगामी कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत किए जाने वाले सभी आवश्यक प्रबंधों व तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी भाग लेंगे और स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं सामुदायिक स्तर पर कृमिनाशक दवा वितरण और जन-जागरूकता गतिविधियों की कार्ययोजना पर चर्चा होगी।

### नरेश सेलपाड़ होंगे ग्रीन एम्बेसडर अवॉर्ड से सम्मानित

**हिसार।** श्मशानों को हरियाली के मंदिर में बदलने की अनूठी पहल कर पर्यावरण संरक्षण में वैश्विक प्रेरणा का स्त्रोत बने समाजसेवी एवं पर्यावरण संरक्षक नरेश सेलपाड़ को जीवन एक वरदान संस्था की ओर से धरती माता ग्रीन एम्बेसडर अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 15 अगस्त को लोहारु में आयोजित समारोह में प्रदान किया जाएगा।

### न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

**हिसार।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के तहत आगामी 13 सितंबर को हिसार एवं हांसी स्थित न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव अशोक कुमार ने बताया कि जिन नागरिकों के केस न्यायालयों में लंबित हैं, वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने मामलों का निपटारा शांतिपूर्ण ढंग से करवा सकते हैं।

## मेयर प्रवीण पोपली के साथ दौरा करके बनाई मल्टी स्टोरी पार्किंग की रूपरेखा

# अब बस अड्डे के मुख्य द्वार पर मौजूदा पार्किंग के स्थान चिन्हित

### शहर को ट्रैफिक जाम से मुक्त करने की योजना के संबंध में विभागीय अधिकारियों ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए तैयार की व्यापक योजना के तहत अभी तक हुए कार्यों की समीक्षा हेतु उपायुक्त अनीश यादव ने मंगलवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। अभी तक हुई बैठकों में लिए गए निर्णयों पर विभागों द्वारा की गई रिपोर्ट अधिकारियों से ली गई।

उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जिन कार्यों के टेंडर हो चुके है, उन पर जल्द से जल्द निर्माण कार्य आरंभ किए जाएं। बैठक में उन्हें अवगत करवाया गया कि मल्टी स्टोरी कार पार्किंग के लिए बस अड्डे के मुख्य द्वार के एक तरफ बने मौजूदा पार्किंग के स्थान को चिन्हित किया गया है। मेयर प्रवीन पोपली के साथ अधिकारियों ने इस स्थान का दौरा कर यहां मल्टी स्टोरी पार्किंग के रूपरेखा तैयार कर ली है।

#### सिक्स लेन का कार्य जल्द शुरू कराने के निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि लक्ष्मीबाई चौक से डाबड़ा चौक पुल से पहले बने मार्ग को सिक्स लेन करने, विभिन्न चौक व चौराहों के जंक्शन में सुधार, स्लिप रोड के निर्माण जैसे कार्य भी जल्द से जल्द शुरू किए जाएं। इस निर्माण कार्यों में विभागों का आपसी तालमेल बेहद जरूरी है। रूटीन में फाइलों को चलाने के स्थान पर विभागीय अधिकारी आपस में बैठकर मसलों का समाधान करें।



**हिसार।** ट्रैफिक जाम से मुक्त करने के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त अनीश यादव।

#### बैठक में ये रहे मौजूद

*इस बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन, नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।*

### यातायात नियमों का उल्लंघन के खिलाफ पुलिस ने दिखाई सख्ती

**हांसी।** यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार अलग-अलग स्थानों पर बिना नम्बर लगी प्लेट व बिना कागजात के दो मोटरसाइकिलों व राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्लैक फिल्म लगी व बिना पॉल्यूशन पर्ची के कार तथा टोल प्लाजा रामायण पर चार प्राइवेट बसों का प्रेशर हॉर्न, लिमिट से अधिक व छत पर सवारियों बैठाकर उनकी जान जोखिम में डालने तथा ट्रैफिक पुलिस अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर वाहनों का 91 हजार रुपये का चालान किया। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने बताया कि नियमित चेकिंग के दौरान अलग-अलग स्थानों पर बिना कागजात व बिना नम्बर प्लेट की दो मोटरसाइकिलों का 47,000 रुपये व राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर ब्लैक फिल्म लगी व बिना पॉल्यूशन कार का 20,000 रुपये का चालान किया गया। वहीं रामायण टोल प्लाजा पर चार प्राइवेट बसों का प्रेशर हॉर्न, लिमिट से अधिक व बस की छत सवारियों को बैठाकर उनकी जान जोखिम में डालने तथा ट्रैफिक पुलिस अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करने के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 24 हजार रुपए का चालान किया। वहीं पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और स्वयं की व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है।




**हांसी।** प्राइवेट बस की छत पर बैठी सवारियों को नीचे उतार बस का चालान करते पुलिस अधिकारी

## पुलिस ने 50 नशा तस्करों को दिया भारतीय न्याय संहिता की धारा 172(1) का नोटिस

- हांसी में नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार एवं तस्करी की जड़ को समाप्त करने के उद्देश्य से चलाया विशेष अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन के निर्देश पर पुलिस जिला हांसी में नशीले पदार्थों के अवैध व्यापार एवं तस्करी की जड़ को समाप्त करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य नशे की सप्लाई चैन को तोड़ना, नशा तस्करों पर शिकंजा कसना और आने वाली पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना है।

अभियान के तहत पुलिस जिला हांसी के सभी थाना प्रबंधकों, सभी अपराध इकाइयों, चौकी प्रभारियों और एनडीपीएस सेल की टीमों ने आपसी समन्वय से लगातार कई दिनों तक गुप्त निगरानी, स्थानीय सूचनाओं और पुराने रिकार्ड का विश्लेषण कर नशा तस्करों की पहचान की गई, जो नशीले पदार्थों के व्यापार में किसी न किसी रूप से संलिप्त रहे हैं। 50 नशा तस्करों को भारतीय न्याय संहिता की धारा 172(1) के तहत विधिवत नोटिस जारी कर तामील कराए गए। यह धारा उन व्यक्तियों पर लागू होती है जिन्हें आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कानून के तहत नोटिस देकर आगे की कार्रवाई के लिए बाध्य किया जाता है।



अमित यशवर्धन, एसपी।

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने बताया कि नशा तस्करी न केवल कानून के खिलाफ है, बल्कि यह समाज के स्वास्थ्य, सुरक्षा और भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। हमारा संकल्प है कि पुलिस जिला हांसी को नशामुक्त बनाया जाए और नशा कारोबारियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए।

अभियान के दौरान पुलिस ने गांवों और शहर में आमजन को भी जागरूक किया कि नशा तस्करों की जानकारी तुरंत पुलिस को हेल्प लाइन नम्बर मानस पोर्टल1933, डायल-112 व पुलिस कन्ट्रोल रुम हांसी 88130-89302 पर दें। सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## कोर्ट की फटकार के बाद चार होमगार्डों की बहाली

**हिसार।** होमगार्ड भर्ती में अनियमितताओं को लेकर एडवोकेट योगेश सिहाग द्वारा अदालत में लड़ी जा रही कानूनी लड़ाई के सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं। उनके प्रयासों के चलते हिसार के चार होमगार्डों को ड्यूटी पर एनरोल कर दिया गया है। एडवोकेट योगेश सिहाग ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2021 में विनोद कुमार सहित अनेक होमगार्डों को गलत तरीके से नौकरी से हटाए जाने और होमगार्ड भर्ती में अनियमितताएं बरतने जाने को लेकर उनकी तरफ से अदालत में याचिका दायर की थी। इस केस में सिविल जज जूनियर डिवीजन आयुष ने होमगार्ड विभाग को कड़ी फटकार लगाई और विभाग के कमांडेंट जनरल को 11 अगस्त को अदालत में पेश होने और फैसले को लागू नहीं किए जाने को लेकर ऐफिडेविट पेश करने के आदेश दिए थे। एडवोकेट योगेश सिहाग ने बताया कि अदालत के कड़े रूख के चलते होमगार्ड एवं सिविल डिफेंस विभाग के कमांडेंट जनरल ने जसवीर को तुरंत ड्यूटी पर लेने के आदेश दिए। उनके आदेश के बाद 11 अगस्त को जसवीर को ड्यूटी पर एनरोल कर दिया गया और इसका डाटा ऑनलाइन ड्यूटी पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया।

## जलभराव से किसानों की फसलें डूबी

- किसानों ने मांगा मुआवजा, प्रभावित क्षेत्रों से तुरंत पानी निकालने की मांग
- गांव पुठ्ठी में मुख्य द्वार पर जलभराव की समस्या को लेकर पंचायत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गांव पुठ्ठी में मुख्य द्वार पर जलभराव की गंभीर समस्या को लेकर एक पंचायत का आयोजन किया गया। इस पंचायत में भारतीय किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विकास सीसर तथा भारतीय किसान यूनियन के युवा अध्यक्ष रवि आज़ाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। पंचायत की अध्यक्षता राजेश पुठ्ठी और बलजीत पुठ्ठी ने की।

पंचायत में किसानों ने बताया कि पुठ्ठी, बास, मोहला, बड़छपर, उगालन, भकलाना, सीसर, खरबला, बडाला, भाटोल, गढ़ी, सिंघवा, मदनहेड़ी आदि सैकड़ों गांवों में हजारों एकड़ भूमि पर अब भी पानी भरा हुआ है। किसान नेताओं ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों से तुरंत प्रभाव से पानी निकाला जाए। पीड़ित किसानों को एक लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए, क्योंकि जलभराव से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ट्यूबवेल नष्ट हो गए हैं। पेड़-पौधे भी बर्बाद हो गए हैं। गांव में जलभराव के कारण फैल रही बीमारियों पर तत्काल नियंत्रण किया जाए।

किसानों ने चेतावनी दी कि यदि इस समस्या का जल्द ही समाधान नहीं किया गया तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। किसानों ने ऐलान किया कि किसी भी गांव में स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। इसके साथ ही घोषणा की गई कि 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर अमेरिका के टैरिफ के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर अजीत बोदी धनाना, सुरेंद्र श्योराण, उदवीर बास, बलवान बास, जहवार सीसर, बलजीत पुठ्ठी, राजेश पुठ्ठी, जगदीश पुठ्ठी, बिल्लड, कुलदीप, पवन, संदीप, रवि करतार पुठ्ठी सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।



**नारनौंद।** जलभराव के बीच खड़े किसान नेता विकास सीसर, रवि आजाद व अन्य।

## अवैध हथियार सप्लायर गिरफ्तार, दो दिन के रिमांड पर

**हांसी।** सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने अवैध हथियार 1 पिस्तौल व 4 जिन्दा कारतूस सप्लायर विकास नगर कालोनी निवासी मोनू को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए स्टाफ हांसी में तैनात मुख्य सिपाही मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी ने कुछ दिनों पहले पुट्टी मंगल खां निवासी कपिल को एक अवैध पिस्तौल व 4 कारतूस सप्लाई किए थे। जिसको लेकर आरोपी के खिलाफ थाना सदर हांसी में आर्म्स अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ था। सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी और वह यह अवैध पिस्तौल व कारतूस कहां से लेकर आया था के बारे जानकारी हासिल की जाएगी।

## हरियाणा की अर्थव्यवस्था में पशुपालन एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ : सैनी

- लुवास कुलपति ने सीएम सैनी से की शिष्टाचार भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों, शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉ. वर्मा को उनके नवीन कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की अर्थव्यवस्था में पशुपालन एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है, अतः इस क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और आधुनिक तकनीकों का प्रसार अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि लुवास के हिसार में निर्माणाधीन नए मुख्य परिसर एवं क्षेत्रीय पशु विज्ञान केंद्रों का निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण करवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि पशुपालकों और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कुलपति प्रो. वर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि लुवास देश के अग्रणी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालयों में सम्मिलित है, और प्रदेश में पशुपालन के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार सेवाएं प्रदान कर रहा है। कुलपति डॉ. वर्मा ने आश्वासन दिया कि लुवास, मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशन में प्रदेश को पशुपालन और डेयरी उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक पदों की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी, जिनकी शीघ्र पूर्ति हेतु मुख्यमंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।



**हिसार।** मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करते लुवास कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

## चार माह से वेतन नहीं मिलने पर एनएचएम कर्मचारियों का प्रदर्शन



**हिसार।** सिविल सर्जन कार्यालय के सामने धरना देते एनएचएम कर्मचारी।

**हिसार।** पिछले चार माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारियों ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी सुबह 10 बजे से 12 बजे तक कार्य बहिष्कार किया। इस दौरान जिले की कई स्वास्थ्य संस्थाओं में सेवाएं बाधित रहीं। कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यायल के सामने धरने दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। एनएचएम कर्मचारियों को दावा है कि कर्मचारियों द्वारा बहिष्कार करने से प्रसूति विभाग, बच्चों व महिलाओं का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की जांच, स्कूल हेल्थ प्रोग्राम, मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, टीबी मुक्त भारत अभियान, एनीमिया मुक्त हरियाणा अभियान और एंबुलेंस सेवाएं व सभी ऑनलाइन पोर्टल का काम प्रभावित रहीं। एनएचएम कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर उन्हें वेतन नहीं दिया गया तो 15 अगस्त से हड़ताल पर भी जा सकते हैं। भारतीय मजदूर संघ संबद्ध स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि सरकार व प्रशासन 8 माह से एनएचएम कर्मचारियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। वेतन न मिलने से परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है, जबकि कर्मचारी तन-मन-धन से स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं।

### दूसरे दिन भजनोपदेशकों ने भजनों से किया श्रोताओं को प्रेरित

## आत्म, गुरु व ईश कृपा से मनुष्य उत्थान की ओर बढ़ता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

आर्य समाज लाला लाजपतराय चौक, नागोरी गेट के वेद प्रचार श्रावणी पर्व का दूसरे का कार्यक्रम यज्ञ से प्रारंभ हुआ। यज्ञ में यज्ञमान के रूप में मदन वासुदेवा व मीना वासुदेवा, सतीश चाहर व रोशनी चाहर, आनंद प्रकाश आर्य व शीला देवी, ओमप्रकाश जांगड़ा व शकुंतला, नरेंद्र शर्मा व इंदु शर्मा उपस्थित हुए। यज्ञ का संपादन कर्मवीर शास्त्री ने किया और यज्ञोपरांत उन्होंने भजनोपदेश दिया।

इस अवसर पर कल्याणी आर्या ने कहा कि मनुष्य के जीवन में तीन कृपा के होने से वह उत्थान की तरफ बढ़ा है। आत्म कृपा, गुरु कृपा, ईश कृपा। आत्म कृपा मनुष्य की स्वयं पर स्वयं की होती है और किसी एक घटना को देखकर जीवन में उथल-पुथल मच जाती है जैसे महर्षि दयानंद जी ने शिवरात्रि की घटना को देखकर सच्चे शिव की खोज करने का विचार मन में किया। चाचा और बहन की मृत्यु को देखकर उन्हें मोक्ष को पाने का विचार आया। उसके बाद गुरु कृपा तो अपने आप ही हो जाती है जैसे महर्षि दयानंद को योग गुरु और व्याकरण गुरु मिले और उनके जीवन को दिशा मिली। उसके पश्चात ईश कृपा का पात्र तो मनुष्य अपने आपको बना ही लेता है जैसे ऋषि दयानंद जी के जीवन में अनेक कष्ट आए लेकिन अपने पथ से वे विचलित नहीं हुए। यही ईश कृपा है उन्हें पहाड़ जैसी समस्या भी राई के समान छोटी लगी। हमें भी अपने जीवन को इन कृपा का पात्र बनाकर जीवन को उन्नत बनाने का प्रयास करना चाहिए।



**हिसार।** वेद प्रचार श्रावणी पर्व का दूसरे दिन प्रवचन देती कल्याणी आर्या व प्रवचन सुनते विद्यार्थी एवं गणमान्य लोग।

#### मनुष्य को मनुष्य बनाने का एकमात्र साधन शिक्षा

इस अवसर पर डॉ. वेदपाल ने अपने संबोधन में शिक्षा के प्रयोजन पर चर्चा करते हुए कहा कि मनुष्य को मनुष्य बनाने का एकमात्र साधन शिक्षा है। मनुष्य और पशु-पक्षी के व्यवहार में भेद का कारण शिक्षा ही है। मनुष्य को सभा में बैठने की योग्यता शिक्षा से प्राप्त होती है। आज यदि समाज, राष्ट्र अथवा परिवार में, चाहे वह कितने ही बड़े संगठन की सभा हो, वहां का व्यवहार देखकर कष्ट होता है। उचित शिक्षा के अभाव में मनुष्य स्वस्थ चर्चा के स्थान पर विवाद, झगड़े करने लगता है।

#### यह रहे उपस्थित

*इस अवसर पर देवेंद्र सिंह सैनी, नरेंद्र पाल मिगलानी, बलराज सिंह मलिक, रमेश कुमार लीखा, गोपीचंद आर्य, नंद लाल चोपड़ा, सत्यप्रकाश गोयल, सुशील लीखा, प्रमोद, कर्मबीर, सूर्य देव, ज्योति सैनी, रेखा सैनी, मुनिराम आर्य, मदन वासुदेवा व कुलदीप ग्रोवर आदि उपस्थित रहे।*



# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

## लाइफ Style

# भूमि

## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।




## हॉलीवुड मसाला




# दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।




# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।




# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

## टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्लन सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।



# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।



# बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...

*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*

***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*

***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*




## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*मुंबई। हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जियो हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन :** डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्स: द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा :** सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी :** पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स :** कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा :** हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**एलियन: अर्थ :** एलियन: अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप :** अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान :** तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड :** लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में मनाया राष्ट्रीय रैगिंग विरोधी दिवस

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय रैगिंग विरोधी दिवस मनाया गया। प्रकोष्ठ के प्रभारी दलबीर सिंह ने अपने संबोधन में रैगिंग के दुष्प्रभावों को विस्तार से बताया और सरकार द्वारा इस बुराई के खिलाफ उठाए जा रहे कड़े कदमों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों व स्टाफ को इस बुराई को रोकने की शपथ भी दिलाई।

### छीनाझपटी के दोषी को 2 साल कैद की सजा

**हिसार।** बस स्टैंड पर एक व्यक्ति का मोबाइल छीनने के मामले में अदालत ने गांव पनिहारी निवासी रवि को 2 साल की कैद की सजा सुनाई है। बता दें कि अदालत ने उसे गुरुवार को दोषी करार दिया था। अदालत में चले अभियोग के अनुसार शहर थाना पुलिस ने 18 अक्टूबर 2023 को बड़ोपल निवासी सुभाष चन्द्र की शिकायत पर केस दर्ज किया था। गांव बड़ोपल निवासी सुभाष चंद्र ने वारदात के बाद पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह 18 अक्टूबर 2023 को किसी काम से शहर में आया था।

### किसान संगठनों ने पूर्व राज्यपाल को दी श्रद्धांजलि

**हांसी।** किसान संगठनों ने पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सत्यपाल मलिक की स्मृति में मंगलवार को रामायण टोल प्लाजा पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। समारोह में दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय सत्यपाल मलिक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामायण टोल प्लाजा कमेटी के प्रधान कैलाश मलिक ने की।

### नगर निगम ने 45 बेसहारा पशुओं को पकड़ा

**हिसार।** सीएम के आदेश पर विशेष अभियान के दौरान मंगलवार को नगर निगम की टीम ने सैनियान मोहल्ला से बेसहारा पशुओं को पकड़ने की शुरुआत की। इसके साथ ही विजय नगर, शिव चौक, नई सब्जी मण्डी, कैप्टन स्कूल रोड, विनोद नगर, शिव नगर आदि क्षेत्र से 45 बेसहारा पशुओं को पकड़कर गांव ढंढूर के पास बने नगर निगम के गौ अभ्यारण में भेजा गया। यह विशेष अभियान 31 अगस्त तक चलेगा। अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा ने कहा कि इस अभियान के दौरान अगर कोई क्षेत्रवासी या पशुपालक बाधा उत्पन्न करेगा तो पशु क्रूरता एवं अन्य धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 10 लीटर कच्ची हथकढ़ शराब के साथ एक काबू

**हांसी।** थाना सदर हांसी पुलिस ने 10 लीटर कच्ची अवैध हथकढ़ शराब के साथ घिराए निवासी अमन उर्फ पवन को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी एसआई दीपक कुमार ने बताया कि गश्त पड़ताल के दौरान उन्हें सूचना मिली की थी घिराए गांव एक व्यक्ति हथकढ़ देसी शराब को दो केनी में भरकर दोनों केनियों को अपने हाथों में लेकर खेतों से गांव की तरफ जाएगा। सूचना के आधार तत्परता से कार्रवाई करते हुए गांव पहुंचकर सूचना अनुसार बताए गए व्यक्ति को हिरासत में लेकर मौके पर दोनों केनियों से बरामद 10 लीटर कच्ची शराब को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने का लें संकल्प

# विश्वविद्यालयों में विभाजन की विभीषिका के तथ्यों को पढ़ाया जाना चाहिए : प्रो. अग्निहोत्री

**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर गुजवि में विचार गोष्ठी का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। गुजवि में विचार गोष्ठी का उद्घाटन करते मुख्यातिथि प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री, कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कहा है कि 1947 में भारत का विभाजन दुनिया की सबसे दुखद व दर्दनाक घटनाओं में से एक है। विभाजन की विभीषिका के 78 साल बाद भी इस विभीषिका का सही से डाक्यूमेंटेशन नहीं हुआ है। भारत के विश्वविद्यालयों में विभाजन की विभिषिका से जुड़े हर तथ्य को पढ़ाया जाना चाहिए। प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान व राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकुला के संयुक्त तत्वाधान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित विचार गोष्ठी को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। 'विभाजन विभिषिका के मानवीय पहलू' विषय पर हुई इस विचार गोष्ठी की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुई इस विचार गोष्ठी में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली के मीडिया कंट्रोलर अनुराग पुनेठा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि इंडिया फॉर चिल्ड्रन के निदेशक अनिल पांडेय थे। मुख्यातिथि प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कहा कि ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार भारत का 1857 का स्वतंत्रता संग्राम हिंदू और मुसलमानों ने मिलकर लड़ा था। वर्ष1857 के बाद हिंदू व मुसलमानों को अलग करने की राजनीति शुरू हुई। इसके बावजूद आजादी के समय तक अधिकतर मुसलमान बंटवारे के खिलाफ थे। प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने सवाल किया कि भारत का हिंदू व मुसलमान दोनों ही बंटवारा नहीं चाहते थे, तो फिर ऐसा क्या कारण था कि भारत का विभाजन हुआ। यह वर्तमान में चिंतन का विषय है। इस विषय पर देशवासियों को अवश्य सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी में 10 से 20 लाख लोग मारे गए।

**विश्व के इतिहास की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी**

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने सम्बोधन में कहा कि 15 अगस्त 1947 को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का जन्म तो हुआ, लेकिन विश्व के इतिहास की सबसे बड़ी मानवीय त्रासदी भी हुई। लगभग 1.5 करोड़ लोग अपने ही वतन में शरणार्थी बनकर रह गए। यह विभाजन केवल भौगोलिक विभाजन नहीं था बल्कि दिलों और संस्कृतियों का विभाजन भी था। इस त्रासदी को याद करके आज भी रूह कांप जाती है। उन्होंने बताया कि बिश्नोई समाज के बहुत से लोग भी विभाजन के दौरान सीमा पार से आकर भारत में बसे थे। उन्होंने कहा कि हमें नफरत की दीवारों को तोड़कर प्रेम और सद्भाव से रहने तथा भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए।

**शून्य से उठकर खुद को एक ब्रैंड बनाया**

मुख्य वक्ता अनुराग पुनेठा ने कहा कि भारत की युवा पीढ़ी को विभाजन की विभीषिका के बारे में जानकारी होनी चाहिए। विस्थापितों में से शायद ही ऐसा कोई हो जिसने कोई न कोई अपना इस त्रासदी में न खोया हो। इस भयानक विभीषिका के बावजूद विस्थापितों ने नए जीवन की शुरूआत की और शून्य से उठकर खुद को एक ब्रैंड बनाया। गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान के अध्यक्ष डा. किशनाराम बिश्नोई ने स्वागत संबोधन किया। धन्यवाद सम्बोधन डा. रामस्वरूप ने किया। मंच संचालन डा. गीतू धवन ने किया।


हिसार । सेना भर्ती रैली में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

## सेना भर्ती रैली संपन्न, अंतिम परिणाम अक्टूबर में होंगे घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- रैली में हरियाणा और हिमाचल के 4257 उम्मीदवारों ने लिया हिस्सा
- ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में पहली बार आयोजित की गई सेना भर्ती रैलीहिमाचल के 4257 उम्मीदवारों ने लिया हिस्सा

हिसार कैंट में 1 अगस्त को शुरू हुई सेना भर्ती रैली मंगलवार को संपन्न हुई। ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश में पहली बार आयोजित इस रैली में हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के 4257 उम्मीदवारों ने भाग लिया। इस रैली का उद्देश्य अग्निवीर (एवी) सामान्य ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/एसकेटी, ट्रेड्समैन और स्थायी श्रेणियों में आरटी जेसीओ, जेसीओ कैटरिंग, सिपाही फार्मा आदि सहित विभिन्न पदों के लिए उम्मीदवारों का चयन करना था। यह भर्ती रैली हिसार, जींद, सिरसा और फतेहाबाद जिलों के लिए आयोजित की गई थी और इन क्षेत्रों के उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सेना भर्ती टीम ने एक निष्पक्ष और पारदर्शी चयन प्रक्रिया सुनिश्चित की। सेना के प्रवक्ता के अनुसार चयनित उम्मीदवारों का अंतिम परिणाम अक्टूबर के पहले सप्ताह में घोषित होने की उम्मीद है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट रहें और परिणाम के संबंध में आधिकारिक सूचना की ही प्रतीक्षा करें। भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संचालित की गई है और उम्मीदवारों को आश्वस्त किया जाता है कि चयन केवल योग्यता के आधार पर होगा।

# उमरा में तीरंदाजी प्रतियोगिता आयोजित

- जिले के विभिन्न स्कूलों के 150 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी


हांसी। उमरा गांव में आयोजित जिलास्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

शिक्षा विभाग द्वारा जिलास्तरीय स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता गांव उमरा राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान पर आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य त्रिलोचन कौर ने किया।

प्रतियोगिता में तीन आयु वर्ग में हिसार जिला के विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक लड़के व लडकियों ने तीन इवेंट इंडियन राउंड, कंपाउंड राउंड व रिकर्व राउंड में भाग लिया। प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से तकनीकी आफिशियल मनजीत मलिक अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक, सुमन राठी डीपीई, जोगेंद्र सिंह व बाला रानी की डयूटी लगाई गई थी।

**अंडर-17 (लड़के)**

अक्षय कुमार, सागर, अंकित और आर्यन,रिकर्व राउंड (लड़के) मयंक, सक्षम, उमेश ओर चेतन, कंपाउंड राउंड (लड़के) में किशन गर्ग, प्रभात, सोहित, शिवचरण ने बाजी मारी। अंडर-17 (लडकियां) पायल, पिंकी, प्रीति ओर भाविका, रिकर्व राउंड में नेहा और नूर, अंडर-14 (लड़के) इंडियन राउंड में रोहित, हरीश, संजय नाथ और देव जांगडा, रिकर्व राउंड (लडके) में अंशु, पारस, दलजीत व नीरज वर्मा कंपाउंड राउंड (लड़के) में आयुष, प्रियांशु, लोकेश वर्मा तथा अंडर- 14 लड़कियों में जन्नत, नैनसी, आकांशा और योहाना बंसल विजेता रही।

**जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेता**

अंडर-19 लडकों की टीम इंडियन राउंड में राजकीय स्कूल, उमरा से आशीष, अर्पित, अक्षय और गौरव, रिकर्व राउंड (लड़के) सन्नी, गोपाल, आरव पुनिया व अनिरुद्ध राठी, कंपाउंड राउंड (लड़के) में हरमन, गौरव, अइश कुमार व अंशु विजेता रहे। इसके अलावा अंडर-19 (लडकियां) में अंशुल, कविता, ममता और करीशू, रिकर्व राउंड टीम (लड़की) में दीपिका, पूजा, नवनीत और निकिता का प्रदर्शन रहा शानदार।

# बिश्नोई मंदिर में श्री गुरू जम्भेश्वर जन्माष्टमी महोत्सव 16 को मनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


जगदीशचन्द्र कड़वासरा, प्रधान, बिश्नोई सभा।

- सभी धर्म प्रतिनिधियों को आमत्रित किया गया है

बिश्नोई सभा द्वारा 16 अगस्त को बिश्नोई मंदिर में श्री गुरू जम्भेश्वर जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बिश्नोई सभा के प्रधान जगदीशचन्द्र कड़वासरा ने बताया कि बिश्नोई सभा 1945 से प्रतिवर्ष भादव बदी अष्टमी को श्री गुरू जम्भेश्वर भगवान का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाती आ रही है। प्रधान कड़वासरा ने बताया कि महोत्सव के चलते 15 अगस्त की शाम को सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी धर्म प्रतिनिधियों को आमत्रित किया गया है। अगले दिन 16 अगस्त को सुबह 6.30 बजे हवन यज्ञ का आयोजन होगा एवं इसके पश्चात 9 बजे ध्वजारोहण के साथ धार्मिक प्रवचन का कार्यक्रम रहेगा।

सुबह 10 बजे समाज की प्रतिभाओं को सभा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। सुबह 11 बजे मुख्य कार्यक्रम की शुरूवात होगी जिसमें बिश्नोई सभा के सरंक्षक एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई बतौर मुख्य अतिथि पहुंचेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के प्रधान हुकमाराम खिचड़ करेंगे। इस मौके पर विधायक पब्बाराम बिश्नोई, रणधीर पनिहार, अभिमन्यु पूनिया, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, पूर्व विधायक दुड़ाराम बिश्नोई, गुजवि कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई, हकृवि कुलपति प्रो. बलदेवराज काम्बोज, भव्य बिश्नोई, किशनाराम बिश्नोई, डॉ. एल.आर. बिश्नोई, मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मेयर गौतम सरदाना, परसराम खोखर, रामस्वरूप मांजू, हिसार भाजपा जिलाध्यक्ष आशा खेदड़ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मिठाइयों की दुकान पर मारे छापे

- टीम ने खेया बर्फीर् तथा पेड़े के भरे सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना


उकलाना। कार्रवाई करती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने उकलाना की दो मिठाई दुकानों पर खोया बर्फी तथा पेड़े के दो-दो सैंपल लिए हैं। चर्चा है कि गत रविवार को हिसार में पकड़े गए नकली मावे में आए बीकानेर स्वीट्स के नाम को लेकर यह कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉक्टर पवन चहल ने बताया कि हिसार में पकड़े गए नकली मावे उपरांत खाद्य सुरक्षा टीम ने गुणवत्ता जांचने के लिए औचक निरीक्षण करके दो दुकानों से सैंपल लिया है। सैंपल को लैब जांच के लिए भेज दिए गए हैं। इनकी रिपोर्ट आने पर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। आमजन की सेहत के साथ खिलवाड़ करने वालों पर विभाग की कड़ी नजर है तथा मिलावटी मिठाइयां बेचने वालों पर विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## अतिक्रमण हटाने गई नप की टीम का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। नगर परिषद की गाड़ी का घेराव करते दुकानदारों को समझाते पुलिस अधिकारी

शहर में अतिक्रमण हटाने निकली नगर परिषद की टीम को प्रताप बाजार में दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान दुकानदारों ने नगर परिषद का घेराव कर नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नगर परिषद अधिकारियों के घेराव व प्रदर्शन की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुकानदारों को समझा बुझाकर मामले को शांत करवाया। बता दें कि नगर परिषद की टीम मंगलवार सुबह नगर परिषद सचिव अंजल वायु के नेतृत्व में बाजार में व्याप्त अतिक्रमण को हटाने के लिए निकली थी। इस दौरान नगर परिषद की टीम द्वारा बाजार में दुकान के बाहर लटकाएं कपड़ों को उतार कर अपनी गाड़ी में डाल लिए। दुकान के बाहर लटके कपड़ों को उतारने को लेकर दुकानदार व नगर परिषद अधिकारियों के बीच जमकर बहस हुई जिसके बाद आसपास के दुकानदार मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने नगर परिषद टीम द्वारा दुकान से उताए गए कपड़ों को गाड़ी से निकालने का प्रयास किया। इस दौरान चालक का गाड़ी में मोबाइल फोन गायब हो गया। गाड़ी चालक द्वारा दुकानदारों पर फोन चोरी का आरोप लगाए जाने पर दुकानदार भड़क गए और उन्होंने नगर परिषद सचिव की गाड़ी का घेराव कर नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी आरंभ कर दी। जिसके बाद नगर परिषद अधिकारियों ने पुलिस को मामले की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच दुकानदारों व परिषद अधिकारियों के साथ बातचीत कर मामले को शांत करवाया। इस अवसर पर प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों का कहना था कि जिन दुकानदारों ने अतिक्रमण किया हुआ उनका अतिक्रमण हटाने पर उन्हें कोई एतराज़ नहीं है लेकिन दुकान में लटकाएं गए सामान को उतारना ठीक नहीं है।

## समाज ने मुझे आरामदायक जीवन दिया है अब मेरी बारी है लौटाने की : डॉ. खेतरपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार । मरीज का इलाज करते डॉ. एन के खेतरपाल। फोटो : हरिभूमि

73 वर्ष की आयु में जहां अधिकतर चिकित्सक धीमे हो जाते हैं, वहीं डॉ. एनके खेतरपाल की सेवाएं और अधिक तेज हो रही हैं। 50 वर्षों का चिकित्सा अनुभव और 45 वर्षों से हिसार की सेवा करने वाले इन वरिष्ठ एमडी चिकित्सक ने अब एक सतत परोपकारी क्लिनिक शुरू किया है ताकि जरूरतमंद मरीजों को भी गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके। खेतरपाल अस्पताल के संस्थापक डॉ. एनके खेतरपाल ने दशकों तक सीमित संसाधनों में भी अनगिनत जानें बचाई हैं। वह मुस्कुराते हुए कहते हैं, समाज ने मुझे आरामदायक जीवन दिया है। अब मेरी बारी है लौटाने की।

उन्होंने बताया कि जरूरतमंद मरीज हर मंगलवार को केवल 50 रुपये में परामर्श ले सकते हैं (सामान्य शुल्क 700-800 रुपये) और लैब जांच पर 25 प्रतिशत तथा अस्पताल के इनडोर शुल्क पर 50 प्रतिशत की छूट पाते हैं। डॉ. खेतरपाल ने बताया कि दवाइयां उपलब्ध होने पर मुफ्त भी दी जाती हैं। अधिक मांग के कारण सोमवार और शुक्रवार को भी आधी फीस पर परामर्श की सुविधा दी जाती है, ताकि जरूरतमंदों को इंतजार न करना पड़े। उन्होंने बताया कि अपॉइंटमेंट के लिए मरीजों को 9896833300 पर पहले से बुकिंग करनी होती है, जो जल्दी भर जाती है।



## एक्साइज विभाग की टीम में भेरी अकबरपुर के ठेके को किया सील

**उकलाना।** खंड के गांव भेरी अकबरपुर के शराब ठेके को एक्साइज विभाग की टीम ने सील लगाकर बंद कर दिया। इस दौरान एक्साइज विभाग की टीम मे ईटीओ सुमन देवी, इंस्पेक्टर रविंद्र मौके पर मौजूद रहे। ठेके के गांव के अंदर तथा स्कूल के नजदीक होने के चलते सील किया गया है। हालांकि इससे पूर्व विभाग द्वारा ठेकेदार को अनेक बार अवगत करवाया गया है। स्थानीय शिकायतकर्ता निवासी विनोद देवी, कविता, संतोष, जसमीत ने कहा कि सरकारी हिदायत अनुसार ठेका गांव से 500 मीटर दूर बाहर होना चाहिए जबकि यह हमारे घरों के बीच में खोला गया है और स्कूल से 150 मीटर की दूरी होनी चाहिए जबकि स्कूल कि वह दूरी पूर्ण नहीं करता। उन्होंने आरोप लगाया कि जो ठेके पर रहते हैं वह उनकी और गंदे इशारे करते हैं तथा शराब पीने वाले भी यहां हुडदड़ंगबाजी करते हैं जिस कारण खासकर महिलाओं को परेशानी हो रही है।

### स्वास्थ्य अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण

# स्वास्थ्य कर्मियों को मुस्तैदी से काम करने के निर्देश

- जिन घरों में मिला लारवा, थमाए नोटिस
- डेंगू सीजन को देखते स्वास्थ्य विभाग अलर्टथमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


हिसार। औचक निरीक्षण करते उपसिविल सर्जन डॉ. सुभाष खतरेजा।

डेंगू सीजन के मद्देनजर उपसिविल सर्जन मलेरिया डॉ. सुभाष खतरेजा और नोडल अधिकारी डॉ. अभिषेक द्वारा शहर की मॉल कॉलोनी, टिब्बा दानाशेर, सेक्टर-14 और झुग्गियों में औचक निरीक्षण किया गया। सेक्टर-14 में डेंगू पॉजिटिव मरीज के घर विजिट की और आसपास के क्षेत्र की जांच की तथा जिन घरों में लारवा मिला, उन घरों में डॉ. सुभाष द्वारा स्वयं चेतावनी नोटिस जारी किए गए। इस मौके पर आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को ड्राई डे अवश्य मनाएं।

**स्वास्थ्य कर्मी कोताही न बरतें**

डॉ. अभिषेक द्वारा संबंधित एरिया के स्वास्थ्य कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए कि डेंगू सीजन के चलते कार्य में कोई कोताही न बरती जाए, बीट अनुसार कार्य किया जाए, प्रत्येक घर की अच्छे से विजिट की जाए तथा लारवा मिलने पर चेतावनी नोटिस जारी किए जाएं, बुखार से पीड़ति मरीजों की रक्त पट्टिका जरूर बनाएं, अगर कोई कर्मचारी ड्यूटी पर लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य सुपरवाइजर जितेन्द्र कुमार टीम के साथ उपस्थित रहे।

### कार्यकारी अभियंता से मिला पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ शिष्टमंडल

**हिसार।** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा पब्लिक हेल्थ कर्मचारी संघ डिवीजन नंबर एक का शिष्टमंडल ब्रांच प्रधान उदयभान ठसका के नेतृत्व में डिवीजन कार्यकारी अभियंता से मिला और उनके समक्ष कर्मचारियों की समस्याओं को उठाया।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत क्राबरेल की नायक चौपाल, सैनी चौपाल, पटवार भवन, पुराना पंचायत घर व श्मशान भूमि की कंडम घोषित की गई दीवार की ईंटो की नीलामी दिनांक 21/08/2025 को सुबह 11 बजे ग्राम सचिवालय में रखी गई हैं। इच्छुक बोलीदाता 10 हज़ार रुपये की धरोहर राशी जमा करवाकर बोली दे सकता हैं। बाकी शर्ते मौके पर बता दी जाएंगी।

ग्राम सचिव अजीत सिंह 9416040607
सरपंच हीरा देवी 9992709402

## खबर संक्षेप

### लाहौरिया धर्मार्थ ट्रस्ट 16 को मनाया जन्माष्टमी पर्व

**हिसार।** लाहौरिया धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा श्री श्याम मन्दिर व विद्यालय परिसर में जन्माष्टमी पर्व 16 अगस्त को सायं 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक मनाया जाएगा। मन्दिर में इस बार विद्युत सज्जा व मन्दिर में भगवान का श्रृंगार अति मनमोहक रुप से किया जा रहा है। इसमें मुख्य आकर्षक का केन्द्र छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक रासलीला, श्री राम द्वारा अहिल्या उद्धार, द्रौपदी स्वयंवर, संदीपनि मुनि के आश्रम में भगवान श्री कृष्ण शिक्षा प्राप्त करते हुए, मेरो वृंदावन आदि रहेंगे।

### गोगामेड़ी मेले के श्रद्धालुओं के लिए भंडारा 16 से

**हिसार।** कूलर एसोसिएशन की तरफ से गोगामेड़ी मेले में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए महेन्द्रा जोहड़ के पास बालसमंद रोड, बड़ी नहर के बाद हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 16 व 17 अगस्त को भंडारा आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रवक्ता ने बताया कि इस भंडारे में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, हरियाणा के दूरवर्ती क्षेत्रों से श्रद्धालु आते हैं। इस मौके पर लगाए जाने वाले शिविर में भोजन, चाय, पानी व प्राथमिक चिकित्सा का पूर्ण प्रबंध किया जाता है।

### तिरुपति धाम में गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 17 से

**हिसार।** श्री तिरुपति धाम में कला, संस्कृति व अध्यात्म का सामंजस्य 17 अगस्त से शुरू होने वाले गोपुरम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में दिखाई देगा। 17 से 20 अगस्त तक चलने वाले महोत्सव में दक्षिण भारतीय पूजा पद्धति व विधि विधान दिखाई देंगे। 71 फुट ऊंचा गोपुरम भी दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित किया गया है। देवी-देवताओं की प्रतिमाओं से सुशोभित और नक्काशीयुक्त गोपुरम देखकर हर कोई नतमस्तक हो जाएगा।

### महारक्तदान शिविर कल मंडलायुक्त होंगे मुख्यातिथि

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ की हिसार शाखा द्वारा राष्ट्रीय महासचिव विनोद धवन के जन्मदिन पर 14 अगस्त को सर्वेश हस्पताल में महारक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शाखा सचिव संजीव राजपाल ने बताया कि रक्तदान शिविर के अवसर पर मुख्य अतिथि हिसार के मंडल आयुक्त अशोक गर्ग होंगे और अखिल भारतीय सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष इन्द्र गोयल अध्यक्षता करेंगे।

## बच्चों को तिरंगे के महत्व और देशभक्ति के मूल्य की दी गई जानकारी

# जिले में कई स्थानों पर निकाली तिरंगा यात्रा



हांसी। तिरंगा को रवाना करती स्कूल प्राचार्या शैलजा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

डीएवी महात्मा आनंद स्वामी शताब्दी पब्लिक स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तिरंगे का महत्व समझा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य शैलजा ने बच्चों को तिरंगे के महत्व और देशभक्ति के मूल्य के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को देश के प्रति समर्पण और सेवा की भावना से ओत-प्रोत रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति के नारे बुलंद किए और देशभक्ति के गीत गाए। तिरंगा यात्रा के दौरान बच्चों का उत्साह और देशभक्ति की भावना देखने लायक थी।

### युवा क्लब ने निकाली हर घर तिरंगा रैली

**हिसार।** मेरा युवा भारत, शहीद भगत सिंह युवा क्लब गांव ठसका एवं आजाद हिन्द युवा क्लब किरतान द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा निकाली गई। गांव के चांदनी चौक से लेकर विभिन्न गलियों से होते हुए बस स्टैंड तक यह यात्रा निकली गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाज सेवक कविता रानी ने बताया कि तिरंगा देश की आन-बान-शान है। अनेक वीरों ने कुर्बानी देकर अपने देश को आजाद करवाया। तिरंगा की शान को बरकरार रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना है। इसलिए तिरंगा अपने घर पर जरूर लगाएं और आजादी का जश्न मनाएं। शहीदों का याद रखना हर देशवासी का कर्तव्य है। इन शहीदों की बदौलत ही हम आज आजादी की सांस ले रहे हैं। इस मौके पर नवीन कुमार, प्रदीप शर्मा, विजय कुमार, मनदीप, नवदीप, निशा, मंजु, पूजा, कपूर सिंह आर्य, प्रोमिल आर्य, गुरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर विधायक चंद्रप्रकाश फहराएंगे तिरंगा

*आदमपुर। भारत विकास परिषद द्वारा 15 अगस्त को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित खंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में आदमपुर के विधायक चंद्र प्रकाश जांगड़ा तिरंगा फहराएंगे। शाखा अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया कि समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आदमपुर क्षेत्र के लगभग 20 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, नृत्य एवं प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रप्रेम का संदेश देंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में बिश्नोई सभा हिसार के पूर्व प्रधान प्रदीप बैनीवाल, व्यापार मंडी के प्रधान नवीन बैनीवाल, जेवीजी ग्रुप से सुरेश गर्ग, अग्रोहा विकास ट्रस्ट के प्रदेश सचिव गौरव सिंगला, घीसाराम जैन एवं तरसेम गोयल शिरकत करेंगे।*





हिसार। गांव में तिरंगा यात्रा निकालते ग्रामीण।



### आदमपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

**आदमपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं एवं लोगों द्वारा मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की अगुवाई भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामफल नैन , भूमि एवं जल संरक्षण समिति के प्रदेश सहसंयोजक राजन ग्रोवर एवं मुनीश एलाबादी ने की। तिरंगा यात्रा की शुरुआत नई अनाज मंडी से हुई। बाद में यह पुरानी मंडी, मेन बाजार, क्रांति चौक होते हुए बोगा मंडी पहुंची। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राजन ग्रोवर एवं रामफल नैन ने कहा कि तिरंगा यात्रा निकालना तथा लोगों के बीच देशभक्ति की भावना बनाना बहुत ही प्रसन्नता की बात है। इस मौके पर इस मौके पर विनोद इलाहाबादी, जयवीर गिल, राजाराम खीचड़, कुलदीप, हंसराज, चंद्रपाल, राजन ग्रोवर, जेपी पाहवा, वीर सिंह राहड, विनोद नामदेव, श्याम सुंदर शर्मा आदि रहे।

## मार्केट न्यूज

### ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय ने किया मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**हिसार।** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय, हिसार और स्वावलंबी भारत अभियान के सौजन्य से अग्रवाल भवन, सेक्टर 16, पंचकूला में एक भव्य प्रतिभा सम्मान व उद्यमिता प्रोत्साहन समारोह - 2025₹ का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में इस वर्ष 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थी एवं उद्यमिता में रूचि रखने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य कि कामना की। डॉ गोयल ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा अनमोल वरदान है जो मनुष्य के व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करता है और अंधकार के ज्ञान से निकलकर ज्ञान के उजाले कि तरह लेकर जाता है। कार्यक्रम के दौरान पंचकूला और आस पास के क्षेत्रों से लगभग 1360 विद्यार्थियो ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि तथा विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह दिए गए। इसके अलावा कार्यक्रम में विद्यार्थियों का बहुमूल्य मार्गदर्शन भी किया गया कि वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार अपने करियर की दिशा तय कर सके।

### टेक्सटाइल डिजाइन विभाग के सभी 55 छात्रों को मिला प्लेसमेंट






**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की टेक्सटाइल डिजाइन विभाग के सत्र 2022-25 के सभी 55 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट सफलतापूर्वक हुआ है। टेक्सटाइल डिजाइन विभाग में हर वर्ष की भांति इस बार भी संस्थान का नाम पूरे प्रदेश में चमकाया हैं जहां पर विभाग के छात्रों का चयन भारत वर्ष की अग्रणी टेक्सटाइल कंपनियों व बहुराष्ट्रीय कंपनियों के वीविंग डिजाइनिंग, प्रोसेसिंग और टेस्टिंग विभागों में हुआ है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें मेहनत लगन व ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी। टीपीओ परितोष पाराशर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. देश दीपक अग्रवाल ने जानकारी दी की पिछले कई वर्षों से विभाग के प्लेसमेंट 100 फीसद के नजदीक रही है और इस बार भी टेक्सटाइल डिजाइज विभाग का प्लेसमेंट अभूतपूर्व रहा है। टेक्सटाइल डिजाइज से पासआउट कुछ छात्रों ने तो अपनी स्वयं की कंपनियां भी स्थापित की है और जोकि हर वर्ष संस्थान में आकर छात्राओं का सिलेक्शन भी करते हैं। मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं एटीपीओ सुनील भूटानी में बताया कि विद्यार्थियों को 3 लाख 80 हजार रुपये का वार्षिक वेतन प्राप्त हुआ है जोकि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में विभाग की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाता है।

## आईटीआई अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग को कार्य अनुभव मानना स्वागत योग्य : अशोक

**हांसी।** भाजपा हांसी के जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के उस ऐलान का स्वागत किया है, जिसमें उन्होंने एक साल की आईटीआई अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग को कार्य अनुभव मानने की बात कही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह फैसला आईटीआई करने वाले युवाओं के हित में बड़ा कदम है। जिला अध्यक्ष अशोक सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में आईटीआई प्रमाण पत्र धारकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के मकसद से यह बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत प्रदेश में विभिन्न विभागों व संस्थानों में रोजगार के उद्देश्य से एक वर्ष या उससे अधिक के अप्रेंटिसशिप अनुभव प्रशिक्षण को एक वर्ष के कार्य अनुभव के बराबर माना जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से प्रदेश में कौशल आधारित प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं के व्यवसायिक अनुभव को मान्यता मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह फैसला युवाओं के हित में बहुत बड़ा फैसला है और इससे उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। सैनी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार आए दिन युवाओं, किसानों, महिलाओं व कर्मचारियों सहित हर वर्ग के हित में योजनाएं लागू करके उन्हें राहत प्रदान कर रही है।



# ओएसजीयू ने किया मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित

## शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विवि का महत्वपूर्ण प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय और स्वावलंबी भारत अभियान के सौजन्य से अग्रवाल भवन, सेक्टर 16, पंचकूला में एक भव्य प्रतिभा सम्मान व उद्यमिता प्रोत्साहन समारोह - 2025 का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में इस वर्ष 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थी एवं उद्यमिता में रूचि रखने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य कि कामना की। डॉ. गोयल ने कहा कि शिक्षा एक ऐसा अनमोल वरदान है जो मनुष्य के व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करता है और अंधकार के ज्ञान से निकलकर ज्ञान के उजाले कि तरह लेकर जाता है। कार्यक्रम के दौरान पंचकूला और आस पास के क्षेत्रों से लगभग 1360 विद्यार्थियो ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि तथा विश्वविद्यालय के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह दिए गए।



हिसार। ओएसजीयू द्वारा आयोजित समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

### डॉ. गोयल ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित

*इस समारोह में हरियाणा स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्नोलॉजी एजुकेशन के सेक्रेटरी डॉ राजेश गोयल ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विभिन्न स्कूल से आए हुए प्रिंसिपल्स ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि आज का यह समारोह उनकी शैक्षणिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है और उन्हें भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ आगे बढ़ना है क्योंकि शिक्षा प्राप्त कर वे अपने जीवन को नया रूप दे सकते है।*

### ओएसजीयू के कार्यक्रम की सराहना की

*विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एन पी कौशिक व प्रति कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य कि कमाना की। सम्मानित विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और गर्व स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। सम्मानित विद्यार्थियों ने ओएसजीयू के इस विशेष कार्यक्रम की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय का आभार जताया। यह समारोह डॉ राकेश धीमान, सचिन काजल व उनकी पूरी टीम की देख- रेख में सम्पन्न हुआ। समारोह का मंच संचालन एडवोकेट नीरज तनेजा व सौरव शर्मा ने किया।*

## संस्कृत मंत्र एवं श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

दिल्ली पब्लिक स्कूल में अंतर-सदनीय संस्कृत मंत्र एवं श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन संस्कृतं जननी सर्वभाषाणाम् इसी भाव को साकार करते हुए बड़े ही श्रद्धापूर्वक और उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। विद्यालय के चारों सदनों आर्यभट्ट, भास्कर, चाणक्य तथा पाणिनि की टीमों ने मंच पर आकर मंत्रों एवं श्लोकों का सुमधुर, शुद्ध और प्रभावशाली उच्चारण किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल संस्कृत भाषा के प्रति प्रेम जागृत करना था बल्कि भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी था। मंच पर गूंजते हुए वेद-मंत्रों और श्लोकों ने वातावरण को आध्यात्मिक और पवित्र बना दिया। विद्यार्थियों के उच्चारण में लय, स्वर और भाव की एक अद्वितीय संगति देखने को मिली, जिसने निर्णायक मंडल एवं दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आर्यभट्ट सदन,द्वितीय स्थान पर चाणक्य सदन तथा तृतीय स्थान पर भास्कर सदन रहा । विद्यालय प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने अपने संदेश में कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और वैचारिक समृद्धि का प्रतीक है।



हिसार। संस्कृत मंत्र एवं श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी।



### विद्या निकेतन स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रपति को बांधी राखी

**हिसार।** विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल, चौधरीवास के बच्चों ने रक्षाबंधन के त्यौहार पर राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को राखी बांधकर मनाया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने बच्चों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और कहा कि हमें पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करने का प्रण लेना चाहिए। विद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. गुंजन गोयल ने बताया कि उनका विद्यालय बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनके चहुमुखी विकास के लिए कार्य कर रहा है, जिससे बच्चे जीवन में आगे बढ़ते रहें। स्कूल प्रबंधन समिति ने राष्ट्रपति महोदया का धन्यवाद किया और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर स्कूल प्रधान, गोरक्षक और समाजसेवी संजय डालमिया ने स्कूल के कार्य की सराहना की और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## प्रतियोगिता में नेताजी हाउस प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ में ज्ञान और उत्साह से भरी इंटर हाउस सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नेताजी हाउस, सुभाषचंद्र हाउस, सुखदेव हाउस एवं भगत सिंह हाउस के प्रतिभागियों ने अपनी तीव्र सोच, गहन ज्ञान और अद्भुत टीम भावना से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम प्रतिभागियों ने विभिन्न राउंड सामान्य ज्ञान, तर्कशक्ति, करंट अफेयर्स आदि में शानदार प्रदर्शन किया। मुकाबला कड़ा रहा और अंत तक सभी हाउस की टीमों के बीच कांटे की टक्कर बनी रही। अंतिम परिणाम में नेताजी हाउस ने जीत हासिल की, जबकि भगत सिंह हाउस ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। नेताजी हाउस के छात्र नवीन, लक्ष्य, विवेक, चेतन, हर्षिता, रिया व हिमांशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भगतसिंह हाउस के छात्र मनवीर, परवेश, जेसमीन, यक्षित, वंश, चंचल व दीक्षा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अनूप लोहान व प्राचार्य घनश्याम वर्मा ने सभी प्रतिभागियों के जोश और तैयारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ज्ञान ही शक्ति है। ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों को न केवल शैक्षिक बल्कि जीवन में भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं।





नारनौंद। विजेता छात्रों को सम्मानित करते हुए स्कूल के डायरेक्टर अनूप लोहान व अन्य।

### कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के तेजस रहा तृतीय



**उकलाना।** कृष्णा देवी गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 10 के छात्र तेजस ने क्वांटम युग की शुरुआत-संभावनाएं और चुनौतियाँ विषय पर आयोजित ब्लॉक स्तर विज्ञान संगोष्ठी में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। यह प्रतियोगिता गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उकलाना में आयोजित की गई थी। विद्यालय की निदेशक काजल धायल ने तेजस को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि तेजस की यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और उन्हें विश्वास है कि अन्य विद्यार्थी भी कड़ी मेहनत कर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। प्राचार्य जय प्रकाश पांडेय ने भी तेजस को बधाई दी और अन्य विद्यार्थियों को ऐसे आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

**कार्यक्रम** — डीसी ने दिए अवैध कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश

# अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ हो एफआईआर

- 3 माह में 22 स्थानों पर डेमोलिशन की कार्रवाई पूरी, 31 को नोटिस
- जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध, एससी/एसटी एक्ट केस समीक्षा तथा अवैध कॉलोनियों के संबंध में टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध, एससी/एसटी एक्ट केस समीक्षा तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ अवैध कॉलोनियों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक के दौरान जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। गत 3 माह के आंकड़ों का ब्यौरा देते हुए जिला नगर योजनाकार दिनेश कुमार ने बताया कि इस अवधि के दौरान 26 स्थानों पर डेमोलिशन की कार्रवाई निर्धारित की गई थी। 22 स्थानों पर डेमोलिशन की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इस संबंध में 31 नोटिस जारी किए गए है। इस माह में 5 और अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त अनीश यादव ने निर्देश दिए कि यदि किसी जमीन पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही है, तो अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।





हिसार। जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध तथा डीटीपी टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव।

### प्रिंसिपल की हत्या का मामला चिन्हित अपराध की श्रेणी में शामिल

*बैठक में जिला स्तरीय मासिक चिन्हित अपराध तथा किशन भाई वर्सेस स्टेट ऑफ गुजरात मामले पर न्यायालय के दिशा निर्देशों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त अनीश यादव को अवगत करवाया गया कि गत माह कुल 15 मामलों में फैसला किया गया है। कुछ मामलों में गवाहों के होस्टाइल होने के संबंध में पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोक्सो तथा एससी एसटी एक्ट जैसे मामलों में मुकदमा दर्ज होने के एक माह में चालान देने व अगले एक माह में गवाहों के बयान दर्ज करवाने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करें। बैठक में जिले के 4 अपराधों को चिन्हित अपराधों की श्रेणी में रखा गया, इनमें नारनौंद क्षेत्र में स्कूल के प्रिंसिपल की हत्या का मामला भी शामिल है। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, बरवाला एसडीएम डॉ. वेदप्रकाश बेनीवाल, जिला न्यायवादी दीपक लेघा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।*